पत्र संख्या–स०नि०–सामान्य बजट / आय–व्यवक / 2025–26 / 648 / राज्य कर

अनुस्मारक / आवश्यक / समयबद्ध

प्रेषक,

आयुक्त,
राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1– अपर आयुक्त, राज्य कर,
नोएडा जोन नोएडा।

2– समस्त जोनल अपर आयुक्त,
राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
(वाराणसी जोन–द्वितीय व अयोध्या जोन को छोड़कर)

3– अपर निदेशक,
राज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(सम्पत्ति अनुभाग) **लखनऊ :: दिनांक :: 16 अक्टूबर, 2024**

विषयः–आगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 का आय–व्ययक अनुमान के प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया मुख्यालय के पत्र संख्या–618 दिनांक 08–10–2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शासन के निर्देशानुसार आगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 का आय–व्ययक अनुमान तैयार कराकर मुख्यालय उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे, जिसे संकलित करते हुए समयान्तर्गत शासन प्रेषित किया जा सके, किन्तु **वाराणसी जोन–द्वितीय एवं अयोध्या जोन** द्वारा ही अभी तक आय–व्ययक अनुमान मुख्यालय प्राप्त कराया गया है। **शेष जोन से अभी तक अप्राप्त है।**

अवगत कराना है कि दिनांक 15–10–2024 को विभागीय समीक्षा बैठक में भी जोन स्तर से वित्तीय वर्ष 2025–26 का आय–व्ययक अनुमान तैयार कराकर तत्काल मुख्यालय उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

अतः उपरोक्त सम्बन्ध में पुनः अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ कार्यालयों से सम्बन्धित अनुदान संख्या–89 के अन्तर्गत मुख्यालय के पत्र दिनांक 08–10–2024 में उल्लिखित लेखाशीर्षक / मदों में वांछित धनराशि (रू0 लाख में) का पूर्ण औचित्य सहित अनुमान / कराये जाने वाले कार्यों का विवरण (प्रस्ताव) जोनवार तैयार कराकर **प्रत्येक दशा में दिनांक 20–10–2024 तक विशेष पत्रवाहक / ई–मेल ctconshqlu-up@nic.in के माध्यम से** मुख्यालय उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धनन्जय शुक्ला)
अपर आयुक्त, राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ०प०सं० व दिनांक / / उक्त।

प्रतिलिपिः–

1. संयुक्त आयक्त (स्था0अराज0 / प्रभारी–नजारत) राज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि नाजिर, मुख्यालय को समयान्तर्गत प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित कर दें।
2. संयुक्त आयक्त (आई०टी०) राज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को पत्र विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

अपर आयुक्त, राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

श्रीमती पूर्णिमा
17/10/24
DC (I-T)
16/10/24 2720